रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 423] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 20, 2015/फाल्गुन 1, 1936
No. 423] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 20, 2015/PHALGUNA 1, 1936

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 2015

का.आ. 590(अ).—निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंद्रा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा ।

प्रारूप अधिसूचना

नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, नया नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, कोका वन्यजीव अभ्यारण, नवेगांव वन्यजीव अभ्यारण और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान, जिन्हें इसमें इसके पश्चात् अभ्यारण और पार्क कहा गया है, महाराष्ट्र में गोंदिया और भंडारा जिलों में अवस्थित हैं;

महाराष्ट्र सरकार ने अपनी राजपत्र अधिसूचना डब्ल्यूएलपी.0913/सी.आर.316/एफ-1 तारीख 12 दिसंबर, 2013 द्वारा यथा अधिसूचित अभ्यारण्य तथा पार्क से मिलकर, जो नवेगांव – नागजीरा व्याघ्र आरक्षिती को अभ्यांतर और संकटपूर्ण व्याघ्र निवास के रूप में घोषित किया था;

और यह अभ्यारण और पार्क संपन्न पक्षी व़न्दों के लिए जाना जाता हैं पक्षियों की लगभग 312 प्रजातियां, जिसके अंतर्गत प्रवासी और जल पक्षी भी हैं, संपूर्ण वर्ष में यहां भारतीय उद्भव की क्षेत्रीय पक्षियों की संख्या, यह क्षेत्र सारस क्रोंच का प्रजनन के लिए अभिलिखित है, मधुक्षयेन, नागिन बाज, शिकारी बाज, ग्रे हेडड मछली बाज, इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण शिकारी पक्षियों के लिए ज्ञात है;

और क्षेत्र में अत्यधिक उच्च प्राणीजात और वनस्पतिजात विविधताएं हैं जिसमें स्तनपायियों की लगभग 72 प्रजातियां, सरीसृप की लगभग 48 प्रजातियां और उभयचरों की बहुत सी प्रजातियां पाई जाती हैं तथा यह क्षेत्र वनस्पति जात की दक्षिणी उष्ण कटबंधीय शुष्क पर्णपाती वन का प्रतिनिधित्व करता है;

और क्षेत्र, महत्वपूर्ण वन्यजीव जैसे व्याघ्र, तेन्दुआ, भलोथ बियर, जंगली कुत्तों, गौर, चीतल, सांभर और नीलगाय भी महत्वपूर्ण है;

और उपर्युक्त अभ्यारण और राष्ट्रीय उद्यान के अत्यधिक सामीप्य मानव के आवास हैं और विकासात्मक क्रियाकलाप चल रहे हैं, ऐसे क्रियाकलापों पर उचित रक्षोपाय और नियंत्रण की अपेक्षा आवश्यक है;

और यह आवश्यक है कि नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, नया नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, कोका वन्यजीव अभ्यारण, नवेगांव वन्यजीव अभ्यारण और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान के चारो ओर के क्षेत्र को पारस्थितिकी और पर्यावरण के द़ष्टिकोण से एक पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के रूप में संरक्षित और सुरक्षित किया जाए जिसकी विस्तार एवं सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा1 में निर्दिष्ट हैं और उद्योगों अथवा उद्योगों के वर्गों के संचालनों तथा प्रक्रियाओं को कथित पारिस्थितिक संवेदी क्षेत्र में प्रतिशोध किया जाए;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महाराष्ट्र राज्य में नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, नया नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, कोका वन्यजीव अभ्यारण, नवेगांव वन्यजीव अभ्यारण और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान से 12 किलोमीटर तक के क्षेत्र को नवेगांव - नागजीरा पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकीय संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :—

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं.**—(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन 1976.125 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ और जिसमें गोदिया और भंडारा जिलो के मोहादी और लखादी तालुक के गोरेगांव, गोंदिआ, सडक अर्जुनी, दीओली, अर्जुनी, मोरगांव, भण्डारा, सकोली के कतिपय गांव हैं । पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमा के विवरण उपाबंध 1 में दिए गए हैं ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध 2** के रूप में उपाबद्ध है ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र इस अधिसूचना में अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध 3** के रूप में उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.—(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन प्रभावी प्रबंधन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर और इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट रीति में स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) और नवेगांव - नागजीरा व्याघ्र आरक्षिती का मध्यवर्ती परिक्षेत्र पारिस्थितिक संवेदी जोन का भागरूप होगा और व्याघ्र आरक्षिती योजना भी आचंलिक महायोजना को तैयार करने के दौरान विचार में लिया जाएगा ।

(3) आंचलिक महायोजना निम्नलिखित सभी संबद्ध राज्य के विभागों के सम्यक् अंतर्वलन से तैयार होगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन;

(iii) नगर विकास;

(iv) पर्यटन;

(v) नगरपालिक;

(vi) राजस्व;

(vii) कृषि;

(viii) महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,

इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को समाकलित किया गया है ।

(4) महायोजना विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि अधिसूचना के अधीन प्रतिबंधित न हो: परंतु आंचलिक महायोजना सभी अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों की क्षमता की वृद्धि करने और पारिस्थितिकीय अनुकूल विकास के लिए होंगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(7) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों के जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए पारिस्थितिक अनुकूल विकास को सुनिश्चित करेगा ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :-

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए हैं वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, पैरा 5 के अधीन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं0 12, सं0 18, सं0 24, सं. 37 और सं. 40 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण,

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(iv) वर्षा जल संचय, और

(v) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधा भंडार और स्थानीय सुविधाएं भी हैं,

परंतु यह और कि जनजातीय तथा गैर-जनजातीय भूमि का उपयोग राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 अथवा तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, के अनुपालन के बिना संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और नवेगांव, नागजीरा वन आरक्षिती के मध्यवर्ती परिक्षेत्र प्रबंध योजना के अनुसार अनप्रयुक्त या अनउत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुनः वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक स्रोतो.**-आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार उन क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए जो की ऐसे स्थलों के लिए हानिकारक है, मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन .—**(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जिसमें आंचलिक महायोजना का भाग रूप में निम्नलिखित रूप में होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा महाराष्ट्र सरकार के राजस्व और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी मार्गनिर्देशों के अनुसार होगा तथा पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के संबंधित पर्यटकों के अस्थायी निवास के लिए आवासन के सिवाय नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण्य, नया नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण्य, कोका वन्यजीव अभ्यारण्य, नवेगांव वन्यजीव अभ्यारण्य और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर होटल और रिसार्ट के नए संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विकास और विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत .-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों की पहचान की जाएगी और जोनल मास्टर प्लान में सम्मिलित किया जाएगा ; सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा और उनकी संरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना जोनल मास्टर प्लान का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थलों .-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी मानव निर्मित विरासतों भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों, उप क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए महाराष्ट्र शासन का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों तथा उसके तहत बने नियामों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों तथा उसके तहत बने नियामों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) के उपबंधों तथा उसके तहत बने नियामों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट** - ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन द्वारा पर्यावरण और वन परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 630(अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन**.— परिवहन की यानीय क्रियाकलाप आवास के अनुकूल विनियमित होंगे और इस संबंध् में जोनल मास्टर प्लान में विशेष उपबंध अिधिकथित किए जाएंगे और जोनल मास्टर प्लान के तैयार होनेऔर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुमोदन के दौरान, राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदीजोन मानीटरी समिति यानीय गतिविधियों को विध्मान नियमों और विनियमों के अनुसार मानीटर करेगी।

(12) **औद्योगिक इकाइयां –** (क) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई लकड़ी आधारित उद्योग का स्थापन अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह कि विद्यमान कास्ट आधारित उद्योग तब तक चालू रह सकेंगे जब तक कि उन्हें तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन प्रतिषिद्ध न कर दिया जाए ।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले किसी उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(ग) नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, नया नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, कोका वन्यजीव अभ्यारण, नवेगांव वन्यजीव अभ्यारण और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर ईंट तैयार करने के किसी उद्योग को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
प्रतिसिद्ध क्रियाकलाप		
(1)	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी, जिनमें मिट्टी की खुदाई मकानों के निर्माण और मरम्मत के लिए और व्यक्तिगत उपभोग के लिये देशी टाइल्स और ईंटों का उत्पादन है। (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सी) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
(2)	आरा मशीनों की स्थापना	**पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में नए अथवा विद्यमान आरा मिलों के विस्तारण को अनुमति नहीं हैं।**
(3)	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना	**नए अथवा विद्यमान प्रदुशणकारी उद्योग का विस्तार पारिस्थितिकीय संवेदी जोन मे अनुज्ञात नही है।**
(4)	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग	**लागू कानून के तहत अन्यथा प्राविधित को छोड़कर प्रतिषिद्ध।**
(5)	नए बृहत जल वियुत परियोजना का स्थापना	**पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए जल विद्युत परियोजना संयंत्रों (बांध, सुरंग बनाने और जलाशय के संनिर्माण) की स्थापना और विद्यमान संयंत्रों के विस्तार के सिवाय सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं (100 किलोवाट तक) या लघु विद्युत परियोजनाओं (101 किलोवाट से 2000 तक), जो स्थानीय समुदायों की ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, संबधित ग्राम सभा और अन्य आवश्यक अनापत्तियों के अध्यधीन रहते हुए प्रतिषिद्ध होगी ।**
(6)	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन	**लागू कानून के तहत अन्यथा प्राविधित को छोड़कर प्रतिषिद्ध।**
(7)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण	**लागू कानून के तहत अन्यथा प्राविधित को छोड़कर प्रतिषिद्ध।**
(8)	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुबारों आदि द्वारा अभ्यारण क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना	**लागू कानून के तहत अन्यथा प्राविधित को छोड़कर प्रतिषिद्ध।**
(9)	नया अतिक्रमण और उनका विनियमन	13 दिसंबर, 2005 के पश्चात् **प्रतिषिद्ध**
(10)	सिंचाई विभाग द्वारा जल पल्वित क्षेत्र पट्टा	अभ्यारण्यों और उद्यानों की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर सरकारी टैंकों में से जल पल्वित क्षेत्र
(11)	नए काष्ठ आधारित उद्योग	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग तब तक जारी रह सकेंगे जब तक कि उन्हें तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन प्रतिषिद्ध न किया जाए ।

विनियमित क्रियाकलाप		
(12)	होटल और रिसोर्ट का वाणिज्यिक स्थापन	नए वाणिज्यिक स्थापन जैसे होटल और रिसोर्ट पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगे ।
(13)	संनिर्माण क्रियाकलाप	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होगा : परंतु स्थानीय व्यक्ति अपने आवासीय उपयोग, जिसके अंतर्गत पारा 3 के उप पारा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, के लिए अपनी भूमि पर संनिर्माण करने को अनुज्ञात होंगे । (ख) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप नियम या विनियम, यदि कोई लागू हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् अनुज्ञात होंगे । (ग) एक किलोमीटर के पश्चात् और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक स्थानीय व्यक्तियों की सद्भावी आवश्यकता के लिए संनिर्माण अनुज्ञात होगा तथा अन्य वाणिज्यिक संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुरूप होंगे ।
(14)	वृक्षों की कटाई	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
(15)	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का निष्कर्षण (सतही और भूमिगत जल) अनुज्ञात होगा। (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है । (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुमेय नहीं होगा । (घ) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे ।
(16)	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण	नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, नया नागजीरा वन्यजीव अभ्यारण, कोका वन्यजीव अभ्यारण, नवेगांव वन्यजीव अभ्यारण और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान से 500 मीटर के भीतर नई उच्च टेंशन पारेषण लाइनों को बिछाने को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।
(17)	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना	लागू नियमों के तहत विनियमित।
(18)	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और उसमें कमी करने के लिए के लागू होने वाले उपायों के अनुसार करना होगा ।

(19)	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन	वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए लागू नियमों के तहत विनियमित।
(20)	विदेशी प्रजातियों को लाना	लागू नियमों के तहत विनियमित।
(21)	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण	लागू नियमों के तहत विनियमित।
(22)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करना और अबमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन करना होगा ।
(23)	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग	लागू नियमों के तहत विनियमित।
(24)	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं ।
(25)	वन उत्पादों और गैर कास्ठ वन उत्पादों का संग्रहण	वन्यजीव अभ्यारण/राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी संग्रहण केंद्र को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।
(26)	वायु और यानिक प्रदूषण	लागू नियमों के तहत विनियमित।
(27)	होटलों और लॉजों के परिसरों में बाड लगाना	लागू नियमों के तहत विनियमित।
(28)	दुकानदारों द्वारा प्लास्टिक के थैलों का उपयोग	लागू नियमों के तहत विनियमित।
(29)	मोबाइल टावर	शीर्ष पर संरक्षण प्रणाली के साथ अनुज्ञात किया जाएगा ।
(30)	फर्नीचर मार्ट	वन विभाग द्वारा विनियमित किया जाएगा ।
(31)	मछली पकड़ना	जिला कलक्टर की अध्यक्षता में/जिला स्तरीय जैव विविधता प्रबंध समिति की सिफारिशों के अनुसार
(32)	पुराने टैंकों को गहरा करना	जिला कलक्टर की अध्यक्षता में/जिला स्तरीय जैव विविधता प्रबंध समिति की सिफारिशों के अनुसार
(33)	खोखले वृक्ष	किसी खोखले वृक्ष को काटना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा
(34)	जलाशयों/टैंकों में न्यूनतम भंडारण	न्यूनतम भंडारण का अनुरक्षण किया जाएगा
(35)	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन	लागू नियमों के तहत विनियमित।
संवर्धित क्रियाकलाप :		
(36)	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन	लागू नियमों के तहत अनुज्ञात।
(37)	वर्षा जल संचयन	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(38)	जैविक खेती	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(39)	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।

(40)	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(41)	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग	जैविक गैस, सौर प्रकाश को बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क) जिला कलक्टर, गोंदिया - अध्यक्ष;

(ख) जिला कलक्टर, भंडारा का प्रतिनिधि – सदस्य;

(ग) जिला कलक्टर, बुलढाना का प्रतिनिधि – सदस्य;

(घ) प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि - सदस्य ;

(ड.) प्रादेशिक अधिकारी महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण बोर्ड - सदस्य;

(च) क्षेत्र का ज्येष्ठ नगर नियोजक - सदस्य;

(छ) पर्यावरण विभाग, महाराष्ट्र सरकार का प्रतिनिधि - सदस्य ;

(ज) पारिस्थितिकीय और पर्यावरण के क्षेत्र से, प्रत्येक दशा में एक वर्ष की अवधि के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाला एक विशेषज्ञ - सदस्य ;

(झ) उप वन संरक्षक, भंडारा - सदस्य;

(ञ) उप वन संरक्षक, गोंदिया – सदस्य-सचिव ।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 3 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 3 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलेक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) रा.स्त.पा.सं.जो.मां.स. उसके कार्यकलापों पर 31 मार्च तक की गई कार्रवाई की वार्षिक रिपोर्ट उक्त वर्ष 30 जून तक पर्यावरण, वन और वायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय सरकार को **उपबंध 4** में दिए गए रूप विधान के अनुसार प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

7. माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या विषय-वस्तु से संबंधित विधि का कोई अन्य न्यायालय द्वारा पारित कोई विद्यमान आदेश, यदि कोई हों, के अधीन रहते हुए इस अधिसूचना के उपबंध होंगे।

[फा. सं. 25/9/2014—ईजेडएस—आरई]

डॉ जी. वी. सुब्रहमण्यम, वैज्ञानिक ''जी''

उपाबंध I

प्रस्तावित नागजीरा पारिस्थिकीय संवेदी जोन, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य, नवेगांव वन्यजीव अभयारण्य और नवेगांव राश्ट्रीय उद्यान की चार दीवारी का विवरण

संवेदनशील जोन की चार दीवारी मांडवी गांव नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य से शुरू होती है, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य, नवे गांव राष्ट्रीय उद्यान और नवे गांव वन्यजीव अभयारण्य नाले के पार और आरएफ चार दीवारी अक्षांश 21'13''12 और दक्षांश 79'43''14 और उत्तर पूर्व दिशा की और झुकती है। तब ये उत्तर दिशा से पंजारा गांव के नाले को पार कर झुकती है। तब यह उत्तर दिशा नाले के साथ करडी गांव की चार दीवारी तक है। तब ये पूर्व दिशा सीतापर गांव नाले के पार तक मुड़ती है। तब यह उत्तर पूर्व दिशा नाले के साथ बोपेश्वरगांव तक जाती है। तब यह उत्तर दिशा राज्य राष्ट्रीय राजमार्ग लोधी टोला गांव की चार दीवारी तक जाती है। तब यह दक्षिण—पूर्व दिशा ओर राज्य राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर मैंधा गांव तक जाती है। तब यह उत्तर पूर्व दिशा में रोड़ के साथ थाने गांव तक जाती है। तब यह उत्तर पूर्व दिशा रोड़ के साथ थाने गांव, गांव और उत्तर दिशा खामड़ी गांव तक जाती है। तब यह पूर्व नाले के साथ मुड़ती है और आरएफ चार दीवारी रूशमपुर गांव की चार दीवारी तक जाती है। तब यह उत्तर—पूर्व दिशा में नाले के साथ मुड़ती है और नीम गांव, गांव की चार दीवारी तक जाती है। तब यह उत्तर—पश्चिम दिशा के साथ नाले से रेलवे लाईन और आगे पूर्व दिशा में रेलवे लाईन के साथ नवां टोला गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण—पूर्व के साथ नाले तक जाती है और पंगडी तालव तक जाती है। तब यह दक्षिण दिशा नाले के साथ गमधो तलाब तक जाती है। तब यह पूर्व दिशा नहर पार हरबी टोला गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण दिशा रेलवे लाईन पार कर नाले के साथ जनूटोला (पीपल टोला) गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण दिशा रोड़ के साथ मुंडीपार गांव की चार दीवारी तक जाती है। तब यह पूर्व नाले के साथ और दक्षिण—पूर्व दिशा को पार करते हुए राज्य राष्ट्रीय राजमार्ग और नाले के साथ नींबाटोला गांव की चार दीवारी तक जाती है। तब यह दक्षिण—पश्चिम दिशा से मुड़ती है और आरएफ कॉम्पेंट नम्बर 527 से काजलवानी गांव की चार दीवारी तक जाती है। तब चार दीवारी आरएफ के साथ मारागंग्सुध नाला और पूर्व हिल प्वाइन्ट नम्बर 397 तक जाती है। तब यह दक्षिण से पहाडी बिंदु 382 और आगे पश्चिम और दक्षिण—पूर्व गांव जुन्जारीटोला तक जाती है। तब चार दीवारी नाले के पीछे दक्षिण दिशा में जमुनापुर गांव और वजाटोला गांव को पार करती है। तब यह पूर्व दिशा की तरफ से गोताबोदी गांव की चार दीवारी तक जाती है। तब चार दिवारी नहर को पार कर और राष्ट्रीय राजमार्ग दीओरी से चीचगढ़ दक्षिण दिशा में और आगे राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर — 6 को पार करती है। इस बिन्दु से यह पूर्व दिशा नाले के साथ गांव महाजनटोला तक जाती है। तब यह दक्षिण पूर्व दिशा पुराने आरएफ सीमा के साथ तोयगोन्डी गांव तक जाती है। इस बिन्दु से यह बाग, नदी को छुती है और दक्षिण—पश्चिम दिशा में बाग, नदी से फूटाना तालाब तक जाती है। तब यह पूर्व दिशा के साथ आरएफ सीमा और राज्य सीमा छत्तीसगढ़ तक जाती है। तब यह पश्चिम दिशा से बोडालैंड और आगे दक्षिण दिषा में धनोरी गांव सीमा के साथ आरएफ सीमा तक जाती है। यह पूर्व दिशा से केशोरी गांव के साथ आरएफ सीमा तक जाती है। तब यह दक्षिण—पश्चिम दिशा से रेहाली गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण दिशा नाले के साथ पावनी गांव और यह पश्चिम दिशा गद्धावी नदी की तरफ मुड़ जाती है। तब यह दक्षिण दिशा जिला सीमा और चोर नदी को छूती है। तब सीमा उत्तर—पश्चिम दिशा की और मुड़ती है और चोर नदी से अक्टा गांव को छूती है। तब ट्रेक इटाडो झील की सीमा के साथ गद्धावी नदी को पार करती है और यह दक्षिण पूर्व दिशा से गंधारी गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण—पश्चिम दिशा से कर्णडाली गांव और गंद्धावनी नदी के साथ आरएफ सीमा को छूती है। तब यह उत्तर—पश्चिम दिशा को पार कर गद्धावी नदी और गद्धावी नदी से सुबान गांव तक जाती है तब यह दक्षिण—पश्चिम दिशा से दिनकर नगर गांव और उत्तर दिशा के साथ गद्धान गांव तक जाती है। तब यह पहाड़ी बिन्दु नम्बर 537, 448, 468 और 391 को पार कर नवे गांव, कोहाल गांव रोड और नवे गांव झील को छूती है। तब यह नवे गांव झील की सीमा के साथ और बोन्डे गांव में मिलती है। तब यह पश्चिम दिशा के साथ कार ट्रेक हल्बीतोली गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण पश्चिम दिशा और रेलवे लाईन को पार कर नाले के साथ बर्शीटोला गांव तक जाती है। तब यह उत्तर दिशा के साथ बुर्शीटोला से भीभीखरकी रोड़ के साथ आरएफ सीमा से सलाई गांव तक जाती है। तब यह समान्तर रेलवे लाईन उत्तर पूर्व दिशा से और पूर्व दिशा की रेलवे लाईन को पार कर और आरएफ की सीमा को छूती है। तब यह उत्तर पूर्व दिशा के साथ नाला मीटिंग चुलबंद्ध नदी तक जाती है। तब यह उत्तर—पूर्व दिशा के साथ चुलबंगनदी को मुड़ती है और फूताला गांव

की सीमा से मिलती है। तब यह पश्चिम दिषा के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 से चार गांव आरएफ सीमा तक जाती है। तब यह दक्षिण दिशा के साथ चार गांव आरएफ सीमा और परसौदी गांव की सीमा को छूती है। तब यह चार गांव आरएफ सीमा से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 को पार करती है। तब यह राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 6 पूर्व दिशा के साथ नाला पहाड़ी गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण–पश्चिम दिशा के साथ नाला और चुलबंद्ध नदी को पार कर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 पर मिलती है। तब यह दक्षिण के साथ चुलबंध नदी बोंडे गांव की सीमा को पार करती है। तब यह पश्चिम दिशा के साथ रोड़ से गिरोला गांव तक जाती है। तब ये उत्तर–पश्चिम दिशा के साथ नाला और पीम्पाल गांव के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 को छूती है। तब ये उत्तर–पश्चिम दिशा के साथ सड़क बाहमनी गांव सीमा तक जाती है। तब यह उत्तर पश्चिम दिशा के साथ नाला खेदनपुर गांव तक जाती है। तब यह दक्षिण–पश्चिम दिशा के साथ नाला किन्नी गांव तक जाती है। तब यह पश्चिम दिशा के साथ नाला और गोंगरेवाडा आरएफ सीमा तक जाती है। तब यह पश्चिम दिशा के साथ आरएफ सीमा और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 पर मिलती है। तब यह उत्तर–पश्चिम दिशा के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 और नाला धार गांव की सीमा तक जाती है। तब यह पश्चिम दिशा के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 से भीलेवाडा गांव तक जाती है। तब यह पश्चिम दिशा के साथ सड़क कर्जखेड़ा गांव तक जाती है तब यह उत्तर दिशा के साथ रोड़ सीमा से सूर्यवाडा गांव तक जाती है। तब यह उत्तर दिशा के साथ रोड़ सीमा खामरी और बैलगांव तक जाती है। तब यह उत्तर दिशा के साथ रोड सीमा मांडवी गांव तक जाती है।

उपाबंध II

प्रस्तावित पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध **II**

नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य, नवेगांव वन्यजीव अभयाण्य, नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान के

पारिस्थिकीय संवेदी जोन की प्रस्तावित सीमा के विभिन्न बिन्दुओं की अवस्थिति

बिन्दु संख्या	अक्षांश	देशान्तर
1	21^0 14′ 26.90″ उत्तर	79^0 44′ 03.25″ पूर्व
2	21^0 15′ 06.64″ उत्तर	79^0 48′ 12.58″ पूर्व
3	21^0 16′ 22.56″ उत्तर	79^0 48′ 30.41″ पूर्व
4	21^0 16′ 19.1″ उत्तर	79^0 48′ 36.6″ पूर्व
5	21^0 19′ 50.6″ उत्तर	79^0 54′ 46.8″ पूर्व
6	21^0 21′ 24.7″ उत्तर	79^0 59′ 44.7″ पूर्व
7	21^0 23′ 14″ उत्तर	80^0 01′ 40″ पूर्व
8	21^0 26′ 15″ उत्तर	80^0 04′ 34.5″ पूर्व
9	21^0 24′ 22.5″ उत्तर	80^0 06′ 23″ पूर्व
10	21^0 22′ 01.90″ उत्तर	80^0 06′ 07.47″ पूर्व
11	21^0 18′ 35.2″ उत्तर	80^0 08′ 50.5″ पूर्व
12	21^0 14′ 22.5″ उत्तर	80^0 17′ 54.5″ पूर्व
13	21^0 13′ 28.03″ उत्तर	80^0 19′ 11.31″ पूर्व
14	21^0 08′ 46.98″ उत्तर	80^0 16′ 38.92″ पूर्व
15	21^0 01′ 40.95″ उत्तर	80^0 26′ 41.63″ पूर्व
16	20^0 55′ 15.51″ उत्तर	80^0 26′ 48.54″ पूर्व
17	20^0 51′ 47.23″ उत्तर	80^0 21′ 54.00″ पूर्व
18	20^0 49′ 12.68″ उत्तर	80^0 14′ 57.07″ पूर्व
19	20^0 46′ 39.20″ उत्तर	80^0 09′ 1.16″ पूर्व
20	20^0 51′ 12.56″ उत्तर	80^0 7′ 36.15″ पूर्व
21	20^0 55′ 18.36″ उत्तर	80^0 03′ 48.89″ पूर्व
22	21^0 04′ 11.96″ उत्तर	80^0 04′ 32.07″ पूर्व
23	21^0 04′ 11.96″ उत्तर	80^0 04′ 17.00″ पूर्व
24	21^0 07′ 05.39″ उत्तर	80^0 00′ 51.57″ पूर्व
25	21^0 04′ 14.71″ उत्तर	79^0 58′ 24.39″ पूर्व
26	21^0 02′ 08.94″ उत्तर	79^0 57′ 30.37″ पूर्व
27	21^0 03′ 53.15″ उत्तर	79^0 53′ 23.26″ पूर्व
28	21^0 05′ 56.05″ उत्तर	79^0 53′ 17.03″ पूर्व
29	21^0 07′ 21.02″ उत्तर	79^0 50′ 26.56″ पूर्व
30	21^0 05′ 09.49″ उत्तर	79^0 46′ 44.89″ पूर्व
31	21^0 06′ 12.19″ उत्तर	79^0 43′ 48.53″ पूर्व
32	21^0 08′ 19.85″ उत्तर	79^0 41′ 13.67″ पूर्व
33	21^0 11′ 33.82″ उत्तर	79^0 42′ 01.71″ पूर्व

नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नया नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, कोका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा पर विभिन्न बिन्दुओं की अवस्थिति

बिन्दु संख्या	अक्षांश	देशान्तर
क	21^0 13′ 57.90″ उत्तर	79^0 43′ 32.99″ पूर्व
ख	21^0 14′ 02.23″ उत्तर	79^0 45′ 18.24″ पूर्व
ग	21^0 11′ 02.38″ उत्तर	79^0 46′ 28.94″ पूर्व
घ	21^0 13′ 12.77″ उत्तर	79^0 48′ 14.74″ पूर्व
ड.	21^0 14′ 29.84″ उत्तर	79^0 48′ 14.74″ पूर्व
च	21^0 15′ 30.81″ उत्तर	79^0 50′ 04.09″ पूर्व
छ	21^0 16′ 42.89″ उत्तर	79^0 52′ 57.34″ पूर्व
ज	21^0 18′ 03.96″ उत्तर	79^0 56′ 16.36″ पूर्व
झ	21^0 16′ 10.63″ उत्तर	79^0 57′ 26.40″ पूर्व

ञ	21^0 19′ 10.32″ उत्तर	79^0 58′ 70.70″ पूर्व
ट	21^0 20′ 00.13″ उत्तर	80^0 01′ 54.92″ पूर्व
ठ	21^0 20′ 53.44″ उत्तर	80^0 02′ 50.28″ पूर्व
ड	21^0 20′ 41.62″ उत्तर	80^0 04′ 27.27″ पूर्व
ढ	21^0 18′ 38.33″ उत्तर	80^0 04′ 07.08″ पूर्व
ण	21^0 18′ 15.15″ उत्तर	80^0 06′ 25.29″ पूर्व
त	21^0 17′ 19.30″ उत्तर	80^0 10′ 43.04″ पूर्व
थ	21^0 11′ 49.95″ उत्तर	80^0 04′ 01.02″ पूर्व
द	21^0 09′ 58.58″ उत्तर	80^0 00′ 31.83″ पूर्व
ध	21^0 10′ 37.36″ उत्तर	79^0 58′ 34.50″ पूर्व
न	21^0 12′ 37.86″ उत्तर	79^0 56′ 00.03″ पूर्व
प	21^0 12′ 07.06″ उत्तर	79^0 52′ 34.19″ पूर्व
फ	21^0 08 10.99″ उत्तर	79^0 54′ 32.97″ पूर्व
ब	21^0 08 29.63″ उत्तर	79^0 48′ 05.33″ पूर्व
भ	21^0 07 03.73″ उत्तर	79^0 46′ 18.18″ पूर्व
म	21^0 08 55.64″ उत्तर	79^0 42′ 59.65″ पूर्व
य	21^0 11 37.64″ उत्तर	79^0 44′ 26.05″ पूर्व

विभिन्न प्रस्तावित नागजीरा वन्यजीव अभयारण्य, नवे गांव वन्यजीव अभयाण्य, नवे गांव राष्ट्रीय उद्यान के विभिन्न बिन्दुओं का चार दीवारी स्थान

बिन्दु संख्या	अक्षांश	देशान्तर
N1	21^0 04′ 5.38″ उत्तर	80^0 09′ 36.11″ पूर्व
N2	21^0 04′ 9.69″ उत्तर	80^0 11′ 19.84″ पूर्व
N3	21^0 01′ 50.79″ उत्तर	80^0 13′ 20.28″ पूर्व
N4	21^0 03′ 12.98″ उत्तर	80^0 14′ 58.55″ पूर्व
N5	21^0 03′ 36.73″ उत्तर	80^0 18′ 21.60″ पूर्व
N6	21^0 0′ 5.43″ उत्तर	80^0 17′ 29.50″ पूर्व
N7	21^0 0′ 32.16″ उत्तर	80^0 20′ 31.37″ पूर्व
N8	20^0 59′ 14.98″ उत्तर	80^0 21′ 58.33″ पूर्व
N9	20^0 55′ 43.62″ उत्तर	80^0 21′ 3.59″ पूर्व
N10	20^0 55′ 34.87″ उत्तर	80^0 19′ 20.99″ पूर्व
N11	20^0 58′ 38.17″ उत्तर	80^0 18′ 26.94″ पूर्व
N12	20^0 58′ 42.14″ उत्तर	80^0 16′ 36.19″ पूर्व
N13	20^0 55′ 36.62″ उत्तर	80^0 17′ 27.00″ पूर्व
N14	20^0 57′ 12.11″ उत्तर	80^0 17′ 6.02″ पूर्व
N15	20^0 55′ 51.80″ उत्तर	80^0 14′ 50.18″ पूर्व
N16	20^0 54′ 51.51″ उत्तर	80^0 12′ 57.15″ पूर्व
N17	20^0 54′ 35.58″ उत्तर	80^0 11′ 6.37″ पूर्व
N18	20^0 55′ 53.53″ उत्तर	80^0 11′ 20.01″ पूर्व
N19	20^0 55′ 22.92″ उत्तर	80^0 9′ 12.51″ पूर्व
N20	20^0 55′ 47.57″ उत्तर	80^0 7′ 28.79″ पूर्व
N21	20^0 56′ 52.24″ उत्तर	80^0 6′ 46.80″ पूर्व
N22	21^0 0′ 4.42″ उत्तर	80^0 7′ 23.95″ पूर्व
N23	21^0 02′ 35.38″ उत्तर	80^0 8′ 31.50″ पूर्व

उपाबंध III

गांवों की सूची जोकि प्रस्तावित प्रर्यावरण संवेदनशील जोन में पड़ती हैं।

गौरेगांव तहसील, गौंडा जिला (9 गांव)

सौदलागौंदी, झम्भुलपानी, गौरादा, रोमाटोला, मालपुरी, बौदून्दा, अलेब्दार, असलपानी और नीम्बा।

गोंदिया तहसील और गोंदिया जिला (01 गांव)

जूनेवानी ऑफ टोटल

तीरोदा तहसील, गौंडा जिला (23 गांव)

कौदेबरा, घोटी, मंगीजारी, गोविन्दटोला, बालापुर, कोवेसर, बरदीपुर (खू), खूरसीपुरी, भजेपुर, कच्चेखानी (राठी), चोरखामारी, कामकाजरी (राठी), मरेगांव, सारा, नंदलपुर, लोनारा, कुल्पा, मल्काजारी, (राठी), अरबकासा (राठी), मरदागौन्दी, सीतेपुर, अलेजारी और नवेझारी।

सड़क अर्जुनी तहसील, गौडा जिला (95 गांव)

लिंडेजारी, धनौरी, बौदून्दा, थडेझारी (राठी), कोसामटोन्डी, छीछोटोला, सीतेपार, मलीजुन्गा, खोडशिवानी, हेती, पन्ढारी, मुरपर (लैंडेजारी), डून्डा, मुन्डापुरी, (घाटे), घाटेगांव, तमनी हेती, मुरपर राम, गौन्गल, रंगेपर 1, खादीपर, घोटी, पलासगांव (राम), भूसरीटोला, पट्टेकुरूा, खैरी, गिराला हेती, डोडके, बुद्धनगर, कोडामेडी, बोपाबोडी, जामभाडी, छीरछादी, डोनगरगांव (खाज), खजारी, गोपालटोली, डावा, वडेगांव, घाटबोरी (तेली), घाटबोरी (कोहली), सिन्दीपर, मुन्दीपर (घाट), डोगरगांव, खडकी, रंगेपर, डाली, पंडरवानी, भामनी, कन्हरप्याली, शिन्दा, कोयलारी, मोघारा, कोकना, खोबा, राका, बाकी, चिखाली, कनेरी, कोसमघाट, कोसबी, कोलारगांव, पलासगांव, डुगीपर, कोहालीटोला, शैलेधारनी, राजगुडा, दिओपयाली, पंधरवाली, कोहालीटोला, मैन्धाकी, मनैरी, सहाकेपर, उसीखेडा, प्रधानटोला, मंडीटोला, कटालवाही, कोहालीपर, महूली, सवान्गी, नैनपुर, पुरकाबोडी, शिवानटोला, बीरी, पुताली, खुर्शीपर, बुढाटोला, कोकना गोसाई, टिडका, सडक अर्जनी, कोहमारा, पारासोढ़ी, बोथाली, केसलवाडा, पिंडिकेपर, मन्गैजारी और मैहसवानी

दिओरी तहसील, गोंदिया जिला (77 गांव)

फूटाना, बोरगांव, शेरपर, छीछवाडा, शेदपर, सलाई, राजमडोन्गारी, बेलारगोन्डी, मुसलकासा, मलहारबोडी, मारामजोब, देवरी, धोबीसारद, मुरडोली, आमगांव, गोटाबोडी, मुडीपुर, बारगांव, जुन्जारीटोला, जमनापुर, नक्टी, तोयागोन्डी, छारभाटा, दीवारीनटोला, मोहनटोला, कुलचुआ, लिन्डीजोब, मुसरूभवाडा, कन्हालगांव, जतभवाड़ा, गैडेगांव, बोदलडंड, हल्दी, धनौरी, मोह`गांव, बैलगांव, पालनगांव, खमखूरा, किशोरी, निलाज, बौन्दे, गोनादी, पलासगां, सिन्दीबीरी, पदमपुर, मैसूली, सिंहगोनदोह, सारेगांव, रोपा, दोधारा, पंथरवानी, पिन्डिकपर, अलेवादा, कवलेवादा, परसोदी, मरपर (रीठी), धमधीटोला, सुकाडी, गोरारटोला, पलनडर, बालापर, मगरदोह, पालनदूर, मोहान्डी, वासानी, पाओनी रीठी, सुन्दरी, डोन्गरगांव, छिछागढ, वन्धारा, देवालगांव, भागी, सीरपुर, अमभोरा, कोसबी, कोटजम्भोरा, धोमधीटोला और मोरमादी रीठी।

अर्जुनी मोगांव तेहसील, गौडा जिला (27 गावं)

सुरबान, रामनगर, घोटनगांव, बोंदगांव, कदहोली, संजय नगर, गंधारी, चना/कोडका, पंधरवानी, परसोदी, कोहली, कन्होली, कोहलगांव, रणजीटोला, जब्बरखेडा, येरन्दी/डारे, देबेतकारी, पाओनी, जोम्भाली, येलोदी, रामपर, जसीनगर, चिन्गी, तिडका, चुटीया, सुरतोली और रनधरवानी रैत।

भण्डारा जिला का भण्डारा तहसील,

कोका, सुरपेवाडा, इन्जेवाडा, दूधारा, नवेगांव, चंदरपुर, सलेहेती, मनदावी, मनदनगांव, दूदमजारी, कितादी, गारादा (जंगाली), कावलीवाडा, कोधरली (रीठी) काक्दागांडी (रीठी), डावा, गंगालवाडा, धारगांव, सिन्गोरी, दिगोरी, पलादी, उसारागोदी, आमगांव टेकेपर (हा), राजदोह, टेकेपर, करजखेडा (नया) नेरोदी, सुरेवाडा, मतोरा, सलेहेती, (हमेशा) सीतेपर, वादीपर, धीवारवाडा, येतेवाली, सोलकुण्ड, कन्हालगांव, बैलगांव अजानी और चीतापुर

भण्डारा जिला शकोली तहसील, (18 गांवं)

खांबा, चारगांव, रेगेपर, जामबाधी, मलूटोला, डोन्गरगांव, वडेगांव, सतालवाडा, कीन्ही, मोखे, सीतेपर, तुडमापुरी, पत्थरी, बिरसी, उकारा, मुडीपर सडक, पंगाडी और अलेबदार

लखानी तहसील जिला भण्डारा (57 गांव)

चिकोलाबोडी, गोन्दसवारी, रेन्गेपर, कोठा, सिंगौरी (रीठी) राजेगांव, (मोर), सोनपुरी, माकरधोकादा, गिरोला जापानी, नीलागोन्डी, पारसपानी, खुर्शीपर, बम्पेवाडा, गिरोला रीठी, उमरजारी, आमगांव खुर्द, घनोद, आमगांव रीठी, पिन्डीकपर, खैरी, बोदरा, बामबालाजारी, पारसटोला, बोरगांव, इकौडी, उसागांव, सोनेगांव, चन्डोरी, पिटेजारी, किन्ही, गिदलपुर, निपारटोला, अटेगांव, माकीटोला, मेसलमेटा, गुदरी, मोहघाटा, दैतमन्गाली, मोरगांव, कैशलवाडा पावार, परसोडी, सराती, मुन्डीपर, (सिन्दीपर), सिन्दीपर, सैलीभाटा, छिछगांव, किटाडी, (बाराद किन्हीं), सोमेवाडा, खैरी, बामनी, जामदी, सोनेखेरी, कावलेवाडा, सोदीपुर, अलेसुर, नंदनगांव षिवानटोला और नवेगांव

मोहाडी तहसील जिला भण्डारा (13 गांव)

किशनपुर, जम्भोरा, कन्हरगांव (बोरी) पलोरा, बोन्डे, डोनगरदेव, खडकी, कैशलवाडा, नावा धीमरवाडा, बोरगांव, लेन्डेजारी, किटारी और नवेगांव

उपाबंध IV

पर्यावरण संवेदनशील जोन निगरानी कमेटी की कार्रवाही रिपोर्ट मसौदा

1. संख्या और सभा का दिनांक
2. सभा का कार्यवृत्त। मुख्य बिन्दुओं का वर्णन करें। अलग–अलग संलग्नक पर सभा का कार्यवृत्त संलग्न करें।
3. जोनल मास्टर प्लान के साथ पर्यटन मास्टर प्लान के तैयारी की स्थिति।
4. केसों का सारांश जो गलतियों को ठीक कर निपटाने के लिए और जोकि लैंड रिकोर्ड पर दिखती हैं।
5. विवरण अनुलग्नक के रुप में संलग्न करें।
6. केसो का सारांक्ष जोकि कार्यवाही के लिए अंतर्गत पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना 2006 में नहीं आयें।
7. विवरण अनुलग्नक के रुप में अलग से संलग्न करें।
8. शिकायतों का सारांश जो अंतर्गत धारा 19 पर्यावरण (संरक्षक अधिनियम, 1986)
9. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, 20th February, 2015

S.O. 590(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of Section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the Public.

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forests and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: — esz-mef@nic.in

DRAFT NOTIFICATION

WHEREAS, the Nagzira Wildlife Sanctuary, New Nagzira Wildlife Sanctuary, Koka Wildlife Sanctuary, Navegaon Wildlife Sanctuary and Navegaon National Park hereinafter referred to us the Sanctuaries and Park are located in Gondia and Bhandara Districts in Maharashtra;

AND WHEREAS, the Sanctuaries and Park comprise the Core or Critical Tiger Habitat of Navegaon –Nagzira Tiger Reserve as notified vide notification of the State Government of Maharashtra number WLP. 0913/C.R.316/ F-1 dated the 12th December, 2013;

AND WHEREAS, the Sanctuaries and Park are known for rich avifauna with about 312 species of birds including migratory and water birds, a number of territorial birds of Indian origin stay here around the year, breeding of Saras Cranes have been recorded from this region, Honey Buzzard, Serpent Eagle, Hawk Eagle, Grey headed Fish Eagle are important raptors in the area;

AND WHEREAS, the area has very high faunal and floral diversity with about 72 species of mammals, about 48 species of reptiles and many species of amphibian are found and the flora of this area is represented by Southern tropical Dry Deciduous Forests;

AND WHEREAS, the area also supports important wildlife such as Tiger, Leoprad, Sloth Bear, Wild Dog, Bison, Cheetal, Sambhar and Neelgai;

AND WHEREAS, the extremely close vicinity of the above-mentioned Sanctuaries and National Park to human habitation and ongoing developmental activities, necessitate the requirement of proper safeguards and control over such activities;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area the extent and boundaries of which is specified in paragraph 1 of this notification adjoining the Nagzira WildLife Sanctuary, New Nagzira WildLife Sanctuary, Koka Wildlife Sanctuary**,** Navegaon Wildlife Sanctuary and Navegaon National Park as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries, or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

